मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-109
28/02/2019

# हम समाज के किसी तबके की उपेक्षा नहीं होने देना चाहते हैं, हम सबकी सेवा करना चाहते हैं :– मुख्यमंत्री

पटना, 28 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिले के हिलसा के अनुमंडलीय कार्यालय के समीप आयोजित कार्यक्रम में 207.492 लाख रुपए की लागत की तीन योजनाओं का उद्घाट्न एवं 31017.87 लाख रुपए की 31 योजनाओं का शिलान्यास रिमोट के माध्यम से किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले मैं यहां कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आप सबों का अभिनंदन करता हूँ। बहुत दिनों से आप सबसे मिलने की इच्छा थी लेकिन व्यस्तता के कारण नहीं आ पा रहा था। बरसात के बाद नालंदा जिले के सभी प्रखंड़ों में भ्रमण के लिए आऊँगा। कल नालंदा ओपेन यूनिवर्सिटी के भवन का शिलान्यास भी होना है। आज आपके यहां उपस्थित होकर अपनी हाजिरी दर्ज कराने आया हूँ। वर्ष 2012 में हिलसा के पश्चिम और पूरब की तरफ दो बाइपास बनाने का निर्णय लिया गया था। पश्चिमी बाइपास में काम चल रहा है और पूर्वी बाइपास के लिए जमीन अधिग्रहण का काम होना है। आपलोगों से अपील है कि जमीन अधिग्रहण में सहयोग करें। आपलोगों को जमीन की पूरी राशि मिलेगी। उन्होंने कहा कि जब हम केंद्र में रेल मंत्री थे तो उस समय हमने फतुहा–इस्लामपुर रेललाइन का निर्माण कराया था और उस दौरान जब हिलसा आये थे तो लोगों ने फूलों की वर्षा की थी, जिसे मैं भूल नहीं सकता हूँ। उन्होंने कहा कि यहां के रेलवे क्रासिंग पर दो आर0ओ0बी0 बनेगा ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। आज लोकाइन नदीं पर बरमा–अरई पथ पर 5X14.5 मीटर का उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्माण एवं सीता बिगहा के मुहाने नदी पर 3X14.5 आकार का उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया है। लोकाइन सिंचाई योजना के दायें एवं बायें मुख्य नहर तथा इससे निःसृत नहर प्रणालियों के पुनर्स्थापन एवं लाइननिंग तथा राढ़ील बियर के मरम्मती कार्य, करायपरसुराय से पश्चिम जाने वाली सड़क का जीर्णोद्धार, टी–06 कराय सलेमपुर आर0सी0सी0 ब्रिज, भुतही नदी पर कराय सलेमपुर में पुल निर्माण का कार्य सहित कई योजनाओं का आज शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिलसा में पार्क निर्माण भी होगा, यहां आई0बी0 का निर्माण भी किया जाएगा और 100 बेड के सब डिविजन अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। आज जलापूर्ति योजनाओं और नदी उड़ाही योजनाओं का भी शिलान्यास किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शराबबंदी लागू होने से लोगों की गाढ़ी कमाई का सदुपयोग होने लगा है। बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ भी अभियान चलाया गया। आप सब यह संकल्प लें कि दहेज वाली शादी में शामिल नहीं होंगे। बाल विवाह जैसी कुरीति से छुटकारा दिलाने के लिए सबको मिलकर काम करना होगा। बाल विवाह के कारण महिलाओं के स्वास्थ्य पर एवं उनके जन्म लेने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति–जनजाति, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग सभी के विकास के लिए काम किये

जा रहे हैं। हम समाज के किसी तबके की उपेक्षा नहीं होने देना चाहते हैं, हम सबकी सेवा करना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय गौरव का प्रतीक रहा है। बिहार का गौरवशाली अतीत रहा है। यह बुद्ध के ज्ञान की भूमि, महावीर के जन्म, ज्ञान एवं निर्वाण की भूमि रही है। हम शिक्षा के बल पर फिर से उस गौरवशाली इतिहास को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार पिछड़ा राज्य होने के बाद भी 11.3 प्रतिशत के विकास दर के साथ पूरे देश में अव्वल है। उन्होंने जन समूह को संकल्प दिलाया कि अपने परिवार के लोगों को जरुर शिक्षित करिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने जो निश्चय किया है उसे पूर्ण करने में लगे हुये हैं। बिहार के उस गौरवशाली इतिहास को प्राप्त करने के लिए आपसी भाईचारा रखना होगा और शिक्षित होना होगा। समाज में प्रेम, भाईचारा और आपसी एकता के साथ आप सब मिल जुलकर रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में न्याय के साथ विकास किया जा रहा है। हर क्षेत्र और हर तबके के लिए काम किया जा रहा है। सात निश्चय योजना के अंतर्गत गांव एवं टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। हर घर नल का जल पहुंचाया जा रहा है। हर घर शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है। पहले जहां 9वीं कक्षा में लड़कियों की संख्या 1 लाख 70 हजार थी। साईकिल योजना के लागू होने के बाद उनकी संख्या बढ़कर 9 लाख के बराबर हो गई है, जो लड़कों की संख्या के बराबर है। घर में बेटी पैदा होने पर खुशी हो, इसके लिए कन्या उत्थान योजना के माध्यम से जन्म लेने पर 2000 रुपये, एक साल के अंदर आधार से जोड़ने पर 1000 रुपये दो वर्ष के अंदर एवं संपूर्ण टीकाकरण करवाने पर 2000 रुपये माता–पिता के खाते में उपलब्ध कराया जा रहा है। लड़कियों के लिए पोशाक योजना की राशि बढ़ा दी गई है। यह अब पहली, दूसरी क्लास की छात्राओं को 600 रुपये, तीसरी से पांचवी के लिए 700 रूपये, छठी से आठवीं के लिए 1000 रूपये एवं 9वीं से 12वीं के लिए 1500 रूपये कर दिये गये हैं। सेनेटरी नैपकिन की राशि 150 रूपये से बढ़ाकर 300 रूपये कर दी गई है। साइकिल की राशि 2500 रूपये से बढ़ाकर 3000 रूपये कर दी गई है। अविवाहित इंटर पास लड़कियों को 10 हजार रुपये, विवाहित हो या अविवाहित स्नातक पास लड़कियों को 25 हजार रूपये की राशि दी जा रही है। बच्ची के जन्म लेने से स्नातक करने तक राज्य सरकार उन पर 54,100 रुपए खर्च कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना' सभी 60 वर्ष से उपर के लोगों के लिए लागू की गई है, जिन्हें सरकारी नौकरी का पेंशन नहीं मिल रहा है। इसके लिए 1 मार्च से आवेदन लिये जायेंगे और उनके खाते में अप्रैल माह से अगस्त माह तक का पैसा अगस्त माह में चला जाएगा। आर्थिक रुप से पिछड़े हुए लोगों के लिए केंद्र सरकार ने 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है। राज्य सरकार ने भी उसे कानून बनाकर लागू कर दिया है। पहले से मिल रहे 50 प्रतिशत आरक्षण वाले वर्गों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि टोला संपर्क योजना के अंतर्गत कुल 4500 टोले हैं, जिसमें से 1000 टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ दिया गया है। गुणवत्ता प्रभावित वाले क्षेत्रों को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के माध्यम से पीने का जल उपलब्ध कराया जा रहा है। 2 अक्टूबर 2019 तक हर घर में शौचालय के निर्माण का लक्ष्य है। 25 अक्टूबर 2018 तक हर इच्छुक व्यक्ति को बिजली का कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्प–गुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला पहनाकर उनका अभिवादन किया। कार्यक्रम को ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री

अत्रीमुनी ऊर्फ शक्ति सिंह यादव, विधान पार्षद श्री हीरा बिंद, विधान पार्षद श्रीमती रीना यादव, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री अमृत लाला मीणा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विधायक डॉ0 जीतेंद्र कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, परिवहन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, पटना प्रमंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राजेश कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, नालंदा के जिलाधिकारी श्री योगेंद्र सिंह, नालंदा के पुलिस अधीक्षक श्री नीलेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

******